पत्रांक-ब.15/बी0एस0जी0-221/2025...948.../वि0

**बिहार सरकार**
**वित्त विभाग**

प्रेषक,

**संजीव मित्तल** भा०प्र०से०,
संयुक्त सचिव-सह-बजट पदाधिकारी ।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
शिक्षा विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग/
युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग/उच्च शिक्षा विभाग/
सिविल विमानन विभाग/डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

दिनांकः-12.12.2025

**विषय :-** **नवसृजित विभागों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय/राजस्व-पूँजीगत प्राप्तियाँ के बजट प्राक्कलन पर विचार-विमर्श हेतु बैठक के संबंध में ।**

**प्रसंगः-** **मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधिसूचना संख्या-1569 दिनांक-10.12.2025 ।**

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन अधिसूचना द्वारा तीन नये विभागों यथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा सिविल विमानन विभाग का गठन किया गया है ।

2. उक्त क्रम में इन नवसृजित विभागों हेतु बजट प्रावधान वित्त विभाग द्वारा किया जाना है । आप अवगत होंगे कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के बजट प्राक्कलनों पर सभी विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक के उपरान्त स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में प्रावधानित की जाने वाली राशि पर निर्णय हो चुका है ।

3. नवसृजित विभागों के गठन के उपरान्त इन विभागों के अन्तर्गत भी वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में राशि का प्रावधान किया जाना है । इस हेतु इन विभागों से संबंधित विपत्र कोडों को चिन्हित कर उक्त विपत्र कोड में राशि की प्रविष्टि CFMS 2.0 में की जानी होगी ।

4. नवसृजित विभागों अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के बजट प्राक्कलन पर निर्णय से पूर्व कतिपय विपत्र कोड, उपशीर्ष आदि भी खोले जाने होंगे ।

5. उक्त हेतु सभी संबंधित विभागों के बजट पदाधिकारी एवं बजट कार्य से संबद्ध पदाधिकारी के साथ संयुक्त सचिव-सह-बजट पदाधिकारी, वित्त विभाग के कार्यालय कक्ष संख्या-236A में समीक्षात्मक बैठक दिनांक-15.12.2025 को अपराह्न 03:30 बजे आयोजित की गई है ।

6. अतएव निदेशानुसार अनुरोध है कि अपने-अपने विभागों अन्तर्गत संबंधित विपत्र कोडों को चिन्हित करते हुये उसकी विवरणी के साथ उपर्युक्त निर्धारित बैठक में ससमय भाग लेने हेतु बजटीय कार्य से संलग्न प्रभारी पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

(संजीव मित्तल)

संयुक्त सचिव-सह-बजट पदाधिकारी

**ज्ञापांक**- ब15/बी0एस0जी0-221/2025..948../वि0 दिनांक-12.12.2025

**प्रतिलिपि** -माननीय वित्त मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव/सचिव(व्यय) के आप्त सचिव, वित्त विभाग/उप सचिव/ सभी अवर सचिव/सभी अवर बजट नियंत्रक/सहायक निदेशक/लेखा पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी एवं सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बजट शाखा (अर्थोपाय शाखा सहित), वित्त विभाग/प्रभारी पदाधिकारी CFMS/प्रभारी पदाधिकारी TCS को सूचनार्थ प्रेषित ।

(संजीव मित्तल)

संयुक्त सचिव-सह-बजट पदाधिकारी